# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम- दुर्ग विश्वविद्यालय दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.) 491001

ईमेल: exam@durguniversity.ac.in वेबसाइट : www.durguniversity.ac.in दूरभाष : 0788-2359100


क्रमांक 463 /परीक्षा/सेमे./2025 दुर्ग, दिनांक 23/12/2025

## //अधिसूचना//

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से सम्बद्ध ऐसे महाविद्यालय जहां बी.एड. पाठ्यक्रम संचालित है, उनमें अध्ययनरत **बी.एड. प्रथम सेमेस्टर** के नियमित/भूतपूर्व/एटीकेटी छात्र/छात्राओं के लिए सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर-जनवरी 2025–26 हेतु ऑनलाईन पद्धति द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.durguniversity.ac.in के माध्यम से परीक्षा आवेदन फार्म भरने एवं शुल्क (इंटरनेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड / यू.पी.आई. के माध्यम से) जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:-

| क्र. | परीक्षा आवेदन | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा आवेदन करने की निर्धारित तिथि | 23.12.2025 से 05.01.2026 तक |
| 02 | ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा आवेदन करने की निर्धारित तिथि (विलम्ब शुल्क राशि रु. 100/- सहित) | 06-01-2026 से 08-01-2026 तक |
| 03 | ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा आवेदन करने की निर्धारित तिथि (विलम्ब शुल्क राशि रु. 200/- सहित) | 09-01-2026 से 11-01-2026 तक |
| 04 | ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा आवेदन करने की निर्धारित तिथि (विलम्ब शुल्क राशि रु. 500/- सहित) | 12-01-2026 से 13-01-2026 तक |
| 05 | ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा आवेदन करने की निर्धारित तिथि (विलम्ब शुल्क राशि रु. 500/- + रु 100 प्रतिदिन सहित) | 14-01-2026 से 15-01-2026 तक |
| 06 | **परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन भरे गए परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित महाविद्यालयों में जमा करने की तिथि** | **24-12-2025 से 16-01-2026 तक** |
| 07 | **महाविद्यालयों द्वारा परीक्षार्थियों के जमा कराये गए आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी, नॉमिनल रोल, गोसवारा (न्यूमेरिकल रिटर्न), शुल्क सूची के साथ संबंधित परीक्षा केन्द्र में जमा करने की अंतिम तिथि** | 17-01-2026 तक |
| 08 | **समस्त परीक्षा केन्द्रों द्वारा परीक्षा आवेदन फार्म विश्वविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि** | 19-01-2026 तक |

**आवश्यक निर्देशः-**

- प्रथम सेमेस्टर सत्र 2025-26 में प्रवेशित परीक्षार्थी नामांकन फार्म भरने के समय उपयोग की गई यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड का प्रयोग कर लॉगइन कर परीक्षा फार्म भरेंगे।
- प्रथम सेमेस्टर के एटीकेटी / भूतपूर्व परीक्षार्थी पूर्व में सम्मिलित परीक्षा के समय उपयोग की गई यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड का प्रयोग कर लॉगइन कर परीक्षा फार्म भरेंगे।
- जिन परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम अघोषित (WH) है, ऐसे परीक्षार्थी परीक्षा परिणाम जारी होने के 03 दिवस के भीतर अपना परीक्षा आवेदन अनिवार्य रूप से भरें।

• परीक्षा फार्म में होने वाली त्रुटियों का सुधार महाविद्यालय के आई.डी. के माध्यम से किए जाने का प्रावधान है। छात्र-छात्रा परीक्षा फार्म में होने वाली त्रुटियों का सुधार संबंधित महाविद्यालय से निःशुल्क करा सकते हैं। संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य इस बात का विशेष ध्यान रखें। त्रुटियों का निराकरण महाविद्यालय स्तर पर ही किया जावे, ताकि छात्रों को इस संबंध में विश्वविद्यालय न आना पड़े। यदि त्रुटियों के सुधार हेतु छात्र/छात्रा विश्वविद्यालय आते हैं तो उन्हें त्रुटि सुधार राशि रू. 120/- शुल्क के रूप में भुगतान करना होगा।

अध्यादेश क्रमांक 185 के प्रावधानों के तहत पात्र परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी (समस्त संलग्नकों के साथ) परीक्षण एवं प्रमाणित कर अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक प्रेषित कर सहयोग प्रदान करना अपेक्षित है।

• परीक्षार्थी, परीक्षा केन्द्रों के लिए विश्वविद्यालयीन अधिसूचना क्र. 422/सेमे. /परीक्षा/2025 दुर्ग दिनांक 30.10.2025 का अवलोकन अनिवार्य रूप से करेंगे।

• यदि कोई परीक्षार्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फार्म भरा है और निर्धारित तिथि तक यदि वह अपनी हार्ड कापी संबंधित महाविद्यालय में जमा नहीं करता है तो उसके परीक्षा आवेदन करने की वैधता समाप्त हो जावेगी तथा उनके द्वारा जमा की गई परीक्षा शुल्क की राशि भी वापस नहीं की जावेगी।

समस्त संबंधित महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे इस अधिसूचना में दिये गये निर्देशों की जानकारी अपने महाविद्यालय के सूचना पटल पर आवश्यक रूप से चस्पा करावें तथा समस्त संबंधित परीक्षार्थियों को इससे अवगत करावें ताकि उन्हें प्रक्रिया समझने में आसानी हो सके।

• परीक्षा हेतु आवेदन करते समय आने वाली कठिनाईयों पर हेल्पलाईन नं. 08062526431 : (0 is Mandatory to make a call) पर कार्यालयीन समय प्रातः 10:30 बजे से सायं 05:30 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

• परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन भरने के पश्चात अपनी हार्डकापी संलग्नकों सहित संबंधित महाविद्यालय में ही जमा करेंगे।

• विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ही परीक्षार्थी उक्त परीक्षा में शामिल होंगे, जिसके लिए परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाईट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहेंगे।

परीक्षार्थियों को अग्रेषण शुल्क की राशि रूपये 30 रु. पृथक से संबंधित महाविद्यालयों में जमा करना होगा। जिसकी पावती परीक्षा केन्द्र / महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जावेगी।

• महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों से अग्रेषण शुल्क के रूप में लिए गये रू. 30/- में से रू. 15/-.प्रति परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा आवेदन फार्म रोल लिस्ट/गोसवार/शुल्क सूची के साथ संबंधित परीक्षा केन्द्रों में जमा करेंगे।

• परीक्षा केन्द्र समस्त परीक्षा आवेदन फार्मों को रोल लिस्ट/गोस्वारा/शुल्क सूची सहित विश्वविद्यालय में निर्धारित अंतिम तिथि तक अनिवार्य रूप से जमा करेंगे।

हार्डकापी जमा करने के समय किसी भी प्रकार के दस्तावेज की कमी पाये जाने पर आवेदन निरस्त हो जावेगा तथा फीस वापस नहीं होगी अतः संबंधित परीक्षार्थी इस बात का ध्यान रखें कि सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न हो।

• महाविद्यालयों के प्राचार्य यह सुनिश्चित कर लेवें कि परीक्षार्थी के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करा दिये हैं। प्राचार्य की जिम्मेदारी है कि कृपया वे सूक्ष्मतापूर्वक परीक्षण करने के पश्चात निर्धारित तिथि तक आवेदन पत्र परीक्षा केन्द्र में जमा करें।

समस्त कक्षाओं के प्रथम सेमेस्टर में अध्ययनरत परीक्षार्थी नामांकन आवेदन करने के उपरांत ही परीक्षा आवेदन फार्म भरेंगे। बिना नामांकन आवेदन परीक्षा आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे। पूर्व में इस विश्वविद्यालय से नामांकन प्राप्त विद्यार्थियों को पुनः नामांकन करने की आवश्यकता नहीं है।

• बी.एड. प्रथम सेमेस्टर के सत्र 2025-26 में प्रवेशित विद्यार्थी प्रवेश पश्चात विश्वविद्यालय की वेबसाईट से नामांकन आवेदन करने के पश्चात ही परीक्षा आवेदन फार्म भरेंगे।

क्रमशः- 03

**अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए आवश्यक टीपः-**

1. पात्र परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी (समस्त संलग्नकों के साथ) परीक्षण एवं प्रमाणित कर अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक प्रेषित कर सहयोग प्रदान करना अपेक्षित है।

2. परीक्षा शुल्क सूची / गोसवारा (न्यूमेरिकल रिटर्न) / नॉमिनल रोल प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.durguniversity.ac.in से डाउनलोड कर प्रयोग में लाया जाना है।

3. परीक्षार्थियों की पूर्व परीक्षाओं की अंकसूचियाँ (यदि अंकसूची अप्राप्त हो तो इंटरनेट से प्राप्त की गई अंकसूची) अनिवार्यतः संलग्न करवा कर ही आवेदन पत्र अग्रेषित किए जायें।

4. यदि अग्रेषणकर्ता अधिकारी द्वारा किसी परीक्षार्थी के आवेदन पत्र की हार्डकॉपी को पात्रता न होने पर भी अग्रेषित कर दिया जाता है तथा विश्वविद्यालय द्वारा बाद में परीक्षण किए जाने पर परीक्षार्थी का आवेदन निरस्त किया जाता है तो इसका समस्त उत्तरदायित्व अग्रेषणकर्ता अधिकारी का होगा।

5. जिन परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र अग्रेषित किए जा रहे हैं, उनकी कक्षा में उपस्थिति 80% होना अनिवार्य है। 80% से कम तथा 60% से अधिक उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र तभी अग्रेषित किए जाएं जब उनकी उपस्थिति परीक्षा के पूर्व 80% हो जायेगी। 60% से कम उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र नियमानुसार अग्रेषित न किए जाएं।

6. जो परीक्षार्थी आतंरिक मूल्यांकन परीक्षा में शामिल नहीं हुए हों या सेमेस्टर के मध्य में अंतराल (गेप) हो उनके आवेदन अग्रेषित न किये जाए।

7. **महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने लॉगइन आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग कर अपने महाविद्यालय के अन्तर्गत अध्ययनरत परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन को Student Exam Form Verification पर जाकर ऑनलाईन माध्यम से भी वेरिफाई करेंगे। परीक्षार्थियों के आवेदनों को ऑनलाईन वेरिफाई नहीं करने की स्थिति में उनका प्रवेश पत्र जारी नहीं हो पायेगा, अतः ऑनलाईन माध्यम से परीक्षा आवेदन को संबंधित महाविद्यालय द्वारा वेरिफाई करना अनिवार्य है। तत्पश्चात ही उनके परीक्षा फार्म की हार्डकॉपी संबंधित परीक्षा केन्द्र में जमा करेंगे।**

8. महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि संबंधित महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की कक्षावार सूची एवं परीक्षा आवेदन Verification किए गये परीक्षार्थियों की संख्यात्मक जानकारी परीक्षा केन्द्र में परीक्षा आवेदन जमा करते समय अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी। संख्यात्मक Summary महाविद्यालय आई.डी. पर उपलब्ध है। यदि किसी कक्षा में भरे गये परीक्षा आवेदन Verification नहीं किया जाता है तो उक्त कक्षा के परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के नियमित छात्र-छात्राओं द्वारा भरे जाने वाले परीक्षा आवेदन पत्रों की कक्षा एवं शुल्क विवरणः-**

| क्र. | कक्षाएं जिनके परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने हैं | सेमेस्टर | परीक्षा शुल्क (प्रति सेमेस्टर) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | नियमित | भूतपूर्व | ए.टी.के.टी. |
| 01 | बी.एड. | प्रथम सेमेस्टर | 1190.00 | 1190.00 | 765.00 |

**अग्रेषणकर्ता अधिकारी के कार्यालय हेतु**

**परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराई गई कुल परीक्षा शुल्क की राशि का विवरण, गोसवारा, न्यूमेरिकल रिटर्न प्रपत्र एवं परीक्षार्थियों द्वारा जमा की गई हार्ड कापी विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में (संलग्नकों सहित) दिनांक 19.01.2026 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।**

आदेशानुसार

कुलसचिव

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

पृ.क्र.464/परीक्षा/सेमे./2025 दुर्ग, दिनांक: 23/12/2025

प्रतिलिपिः-

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
2. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन मंत्रालय, नया रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, ब्लॉक-सी-30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर।
4. वित्त अधिकारी/उ.कु.स. अका./स.कु. स्थापना/गोपनीय/अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं संबंधित परीक्षा कार्य सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. प्राचार्य, संबंधित महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
6. कुलपति के सचिव/ कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
7. संपादक, समस्त स्थानीय समाचार पत्र, दुर्ग/बेमेतरा/बालोद/राजनांदगांव/कबीरधाम/मानपुर-मोहला-अंबागढ़-चौकी/खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को इस निवेदन के साथ कि कृपया इसे अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग